Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 16-05-2006

Participants : Munshiram Shri

an>

Title : Need to review 'City Forest' plantation project in Bijnore district, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र जिला बिजनौर में वन विभाग द्वारा रावली खादर क्षेत्र में सिटी फारेस्ट बनाया जा रहा है, जिस पर मैं समझता हूं कि वन विभाग द्वारा करोड़ों रूपया व्यय किया गया होगा। करोड़ों रूपए व्यय होने के पश्चात जो सिटी फारेस्ट का स्वरूप होना चाहिए था ऐसा प्रतीत नहीं होता। रावली खादन सिटी फारेस्ट बिजनौर एवं समस्त जनपद में विभाग द्वारा कितने पौधे पिछले 10 सालों में लगाये गये हैं। उन पौधों में से कितने पौधे जीवित हैं और वर्तमान में जीवित पौधो की ग्रोथ क्या है ? जिसकी उच्चस्तरीय जांच करायी जाये कि भारत सरकार का करोडों रूपया वृक्षारोपण के नाम व्यर्थ तो नहीं हो रहा है। सिटी फारेस्ट बिजनौर द्वारा सैंकड़ों हैक्टेयर भूमि को अधिग्रहीत किया गया है। पूरी भूमि में वृक्षारोपण मौजूदा स्थिति में नहीं है। खाली पड़ी भूमि को क्षेत्रीय किसानों को खेती करने के लिए दी जाये, जिससे भूमि का सदुपयोग हो सके एवं कुछ गरीब किसान अपनी जीविका चला सके।

____